प्रादेशिक समाचार
दिनांक–12.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

विजयादशमी पर आज शाम रांची के मोरहाबादी मैदान समेत कई जगहों पर बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों को जलाया जाएगा। पंजाबी हिंदू बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल ने बताया कि इस बार मुख्य आकर्षण खास आतिशबाजी होगी, जो प्रदूषण और धुआं रहित होगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ शामिल होंगे। इस वर्ष रांची के आठ प्रमुख स्थानों पर रावण दहन के साथ आतिशबाजी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विजयदशमी पर शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि यह त्योहार अन्याय पर न्याय की जीत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस त्योहार के साथ गरिमा, कर्तव्य के प्रति दृढता, सदाचार, विनम्रता और न्याय के लिए संघर्ष की कई प्रेरक कहानियां जुड़ी हुई हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देशवासियों को विजयादशमी की असीम शुभकामनाए दी है। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा और प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से सभी को जीवन के हर क्षेत्र में विजय हासिल हो, यही कामना है।

****

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देशवासियों को विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। रक्षा मंत्री ने आज पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में सेना के जवानों के साथ विजयदशमी का पर्व मनाया। इस अवसर पर उन्होंने सैनिकों के साथ शस्त्र पूजा की। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां शास्त्रों और शस्त्रों दोनों की पूजा की जाती है जो हमारी विशाल सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है।

****

नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा–अर्चना के बाद दशमी पर दशहरे के साथ इस पर्व का समापन हो जाता है। विजयादशमी के दिन बंगाली समाज की महिलायें सिंदूर की होली खेलती हैं। एक दूसरे को सिंदूर लगाकर शुभकामनाएं देते हैं। रांची और हजारीबाग समेत राज्य के कई जिलों में दुर्गाबाड़ी में बंगाली समाज की महिलाओं ने आज सिंदूर खेला के साथ मां दुर्गा को विदायी दी। इस दौरान महिलाओं ने मां दुर्गा से कामना की कि अगले वर्ष फिर इसी तरह आना और लोगों का जीवन शांतिमय और खुशहाल रहे।

****

प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना के अन्तर्गत एक सौ 93 कंपनियां लगभग 91 हजार इन्टर्नशिप के अवसर प्रदान करेंगी। इसके लिए पंजीकरण आज से शुरू हो गये हैं, जो 25 अक्तूबर तक चलेंगे। केन्द्र सरकार ने इन्टर्नशिप पोर्टल को तीन अक्तूबर को शुरू किया था। सरकार का लक्ष्य इस वित्त वर्ष में सवा लाख इन्टर्नशिप अवसर प्रदान करना है। यह अवसर ऑनलाइन पोर्टल – पी एम इन्टर्नशिप डॉट एम सी ए डॉट जी ओ वी डॉट इन के माध्यम से प्रदान किये जा रहे हैं। इस परियोजना पर आठ सौ करोड़ रुपये की लागत आयेगी। सरकार ने पांच वर्ष के दौरान 21 से 24 वर्ष आयु वर्ग के एक करोड़ उम्मीदवारों को इन्टर्नशिप उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है।

****

गिरिडीह जिले में मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करने में पोषण मिशन अभियान सहायक होगी।

****

चतरा जिले के टंडवा थानाक्षेत्र के जंगलों में इन दिनों बाघ होने की खबर से ग्रामीण चिंतित हैं। बीते कुछ दिनों में मवेशियों पर किसी अज्ञात जंगली जानवर के हमले के बाद इस आशंका को और बल मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग के रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना ने एक टीम भेजकर घटनास्थल के आस पास से पग मार्ग की तस्वीर हासिल कर ली है। वन विभाग ने गांव वालों को अलर्ट करते हुए शाम को घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है।

*****समाप्त*****